न्यायालय उपखण्ड अधिकारी नांगल राजावतान जिला दौसा।

पीठासीन अधिकारी – श्री बृजेन्द्र मीना आर.ए.एस.

मु0 नं0 – 20/2021
प्रकरण दर्ज – 19.07.2021
प्रकरण निस्तारण – 29.09.2021

उनवानी प्रकरण

1. श्रीमती नाथी देवी पत्नी स्व0 जीवानाथ उर्फ जियालाल
2. राकेश पुत्र स्व0 जीवानाथ उर्फ जियालाल
3. गणेश उर्फ मनीष पुत्र स्व0 जीवानाथ उर्फ जियालाल
4. राजू उर्फ राजेश पुत्र स्व0 जीवानाथ उर्फ जियालाल
5. ललिता पुत्री स्व0 जीवानाथ उर्फ जियालाल
6. लाली पुत्री स्व0 जीवानाथ उर्फ जियालाल
7. शान्ति पुत्री स्व0 जीवानाथ उर्फ जियालाल
   समस्त जाति योगी/जोगी निवासी ग्राम अभयपुरा तहसील नांगल राजावतान जिला दौसा।

–**प्रार्थीगण**

बनाम

1. राजस्थान सरकार तहसीलदार तहसील नांगल राजावतान जिला दौसा।
2. तहसीलदार तहसील नांगल राजातवान

–**अप्रार्थीगण**

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राज0 लेण्ड रेवेन्यू एक्ट

निर्णय दिनांक –29.09.2021

पत्रावली वास्ते निर्णय पेश हुई। प्रार्थना पत्र के संक्षिप्त तथ्य निम्न प्रकार हैं कि आराजी खसरा नंबर 778, 779, 784 कुल किता 3 कुल रकबा 0.72 है0 प्रार्थीगण के पूर्वज जीवानाथ उर्फ जियालाल पुत्र श्रीया उर्फ मिश्रीलाल का हिस्सा 1/6 दर्ज रिकार्ड है एवं खसरा नंबर 608, 609, 610, 621 कुल किता 4 कुल रकबा 0.19 है0 भूमि मे जीवानाथ उर्फ जियालाल पुत्र रीया नाथ उर्फ मिश्रीलाल का हिस्सा 1/12 दर्ज रिकार्ड है। इसके अलावा ग्राम अभयपुरा तहसील नांगल राजावतान मे आराजी खसरा नंबर 586, 590, 591, 592, 593, 594, 595, 634 कुल किता 8 कुल रकबा 0.44 है0 भूमि मनीष उर्फ गणेश का हिस्सा 29/4368 एवं राकेश पुत्र जीवानाथ उर्फ जियालाल का हिस्सा 29/4368 व राजू उर्फ राजेश पुत्र जीवानाथ उर्फ जियालाल का हिस्सा 29/4368 अंकित है। एवं ललिता पुत्री जीवानाथ उर्फ जियालाल का हिस्सा 29/4368 लाली पुत्री जीवानाथ उर्फ जियालाल का हिस्सा 29/4368 शान्ति पुत्री जीवानाथ उर्फ जियालाल का हिस्सा 29/4368 दर्ज रिकार्ड है एवं खसरा नंबर 587, 588, 589, 596, 598, 599, 600, 601, 606, 607, 611, 614, 628 लगायत 633 635 लगायत 641, 645 लगायत 654 कुल किता 35 कुल

उपखण्ड अधिकारी
एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट
नांगल राजावतान (दौसा)

रकबा 3.36 है0 भूमि स्थित है। गणेश उर्फ मनीष पुत्र जीवानाथ उर्फ जियालाल का हिस्सा 29/4368 नाथी देवी पत्नी जीवानाथ उर्फ जियालाल का हिस्सा 29/4368 राकेश पुत्र जीवानाथ उर्फ जियालाल राजू उर्फ राजेश पुत्र जीवानाथ उर्फ जियालाल का हिस्सा 29/4368 दर्ज रिकार्ड है। इसके अलावा प्रार्थीया ललिता व लाली पुत्रियां जीवानाथ उर्फ जियालाल का हिस्सा कमशः 29/4368 व 29/4368 है एवं शान्ति पुत्री जीवानाथ उर्फ जियालाल का हिस्सा 29/4368 दर्ज रिकार्ड है। इस आशय का प्रार्थना पत्र पेश कर याचना चाही की उपरोक्त भूमि मे जियालाल पुत्र मिश्रीलाल के स्थान पर जीवनाथ पुत्र श्रीयानाथ दर्ज हो रहा है उसे दुरूस्त फरमाते हुये जीवनाथ पुत्र श्रीयानाथ के स्थान पर जियालाल पुत्र मिश्रीलाल अंकित करते हुये व गणेश पुत्र जीवनाथ के स्थान पर मनीष पुत्र जियालाल व राजू पुत्र जीवनाथ के स्थान पर राजेश पुत्र जियालाल करते हुये इसी कदर राजस्व रिकार्ड मे दुरूस्ती की जावे।

इस प्रकार प्रार्थना पत्र दर्ज होने पर अप्रार्थीगण की तलबी की गई। अप्रार्थी नंबर की ओर से पैरोकार सरकार द्वारा हाजिर आये तथा जवाब प्रस्तुत किया गया तथा प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर प्रार्थना पत्र स्वीकार करना उचित होने का कथन किया गया। वकील प्रार्थी व पैरोकार सरकार की बहस सुनी गई।

पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। पत्रावली के अवलोकन से पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात व तहसीलदार नांगल राजावतान के जवाब रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थना पत्र दुरूस्त किया जाना उचित प्रतीत होता हैं

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम स्वीकार किया जाता है। भूमि आराजी खसरा नंबर 778, 779, 784, वाके ग्राम चूडियावास तहसील नांगल राजावतान एवं भूमि खसरा नंबर 608, 609, 610, 621 कुल किता 4 कुल रकबा 0.19 है0 खसरा नंबर 586, 590, 591, 592, 593, 594, 595, 634 कुल किता 8 कुल रकबा 0.44 है0 खसरा नंबर 587, 588, 589, 596, 598, 599, 600, 601, 606, 607, 611, 614, 628 लगायत 633 635 लगायत 641, 645 लगायत 654 कुल किता 35 कुल रकबा 3.36 है0 भूमि वाके ग्राम अभयपुरा तहसील नांगल राजावतान जिला दौसा के वर्तमान राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी मे दर्ज जीवनाथ पुत्र श्रीयानाथ के स्थान पर जियालाल पुत्र मिश्रीलाल व गणेश पुत्र जीवनाथ के स्थान पर मनीष पुत्र जियालाल व राजू पुत्र जीवनाथ के स्थान पर राजेश पुत्र जियालाल व नाथी पत्नी जीवनाथ के स्थान पर नाथी पत्नी जियालाल व राकेश पुत्र जीवनाथ के स्थान पर राकेश पुत्र जियालाल व ललिता लाली शान्ति पुत्रियां जीवनाथ के स्थान पर ललिता लाली शान्ति पुत्रियां जियालाल दर्ज कर राजस्व रिकार्ड मे दुरूस्ती करने के आदेश तहसीलदार नांगल राजावतान को दिये जाते हैं। तहसीलदार नांगल राजावतान को पालना हेतु तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय मेरे द्वारा लिखाया जाकर आज दिनांक 29.09.2021 को सरे इजलास सुनाया गया।

बृजेन्द्र मीना
उपखण्ड अधिकारी, नांगल राजावतान।

उपखण्ड अधिकारी
नांगल राजावतान (दौसा)